an>

Title: Regarding damage to crops due to unseasonal hailstorm and rain in Bundelkhand region.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदया, पूरे हिन्दुस्तान का एक-एक क्षेत्र विशेष है, लेकिन आज मैं एक अति विशेष क्षेत्र की बात करने के लिए यहां खड़ा हुआ हूं। बुन्देलखण्ड कृषि प्रधान क्षेत्र है और वहां की भौगोलिक स्थिति के कारण वहां पर पानी का बहुत गम्भीर संकट है। वर्तमान की यह स्थिति है कि आज भी प्रतिमाह हमारे यहां 2-2, 3-3 किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हैं।

मेरा आपसे निवेदन है कि अभी जो बारिश हुई और जो मौसम खराब हुआ, उसके कारण से 70 से 80 प्रतिशत फसल का जो नुकसान हुआ है, उसके कारण से किसान बहुत परेशान है। बुन्देलखण्ड को भारत सरकार के द्वारा विशेष पैकेज दिया जाता है।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है, मैं कर्ज माफ करने की बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन कर्ज पर जो ब्याज लगा है, पूरे बुन्देलखण्ड के किसानों के ब्याज को माफ किया जाये, यह मेरा आपसे विनम्र निवेदन है।

इसी के साथ वहां पर पान की खेती होती है। हमारे बुन्देलखण्ड का पान एक्सपोर्ट किया जाता है। पान की खेती बहुत खर्चीली और चुनौतीपूर्ण होती है और कोई भी बीमा कम्पनी उसका बीमा नहीं करती है, क्योंकि, उसको कृषि का दर्जा प्राप्त नहीं है। मेरा आपके माध्यम से विशेष निवेदन है कि भारत सरकार पान की खेती को कृषि का दर्जा प्रदान करे।

बहुत-बहुत धन्यवाद। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रीती पाठक। आप अपना नाम यहां दर्ज करवा देना।

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल के साथ एसोसिएट करने की अनुमति प्रदान की जाती है।